## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम परिसर में लगाए गए पौधे



**सतना।** जिला आबकारी विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अभियान के तहत रविवार को 4 बजे कंट्रोल रूम में सुश्री विभा मरकाम जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया है। कार्यक्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश सिंह ठाकुर,कंट्रोल रूम प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक राकेश अवधिया,अजय श्रीवास्तव वृत्त प्रभारी सतना क्रमांक 2,परिवीक्षाधीन उप निरीक्षक संजय साकेत, सहित आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक एवं आरक्षक सभी का सहयोग रहा।

### सुगम आवागमन के साथ स्वच्छ सुंदर हो माई का धाम



**मैहर।** विधायक मैहर की सोच है कि माई का धाम स्वच्छ सुंदर और सुगम यातायात की व्यवस्था से युक्त हो। इस सोच को बल मिलना चाहिए साथ ही इस सोच का प्रचार प्रसार भी होना चाहिए। अब ऐसा क्यों होना चाहिए तो हम आपको बताते है कि ऐसा होना हर वर्ग के लाभदायक क्यों होगा। माई का धाम मैहर अब जिला बन चुका है अब जिला बना है तो जिले के हिसाब से सभी आवश्यकताओं का विस्तार भी होगा। जिले के हिसाब से शहर की तश्वीर भी बदलेगी।अब हर चीजे जिले की आवश्यकता अनुसार बदलेगी। अब मैहर तहसील नही रह गया अब जिला बन चुका है इसलिए सड़कों को स्वरूप बदलेगा, शहर को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए पूर्व संचालित व्यवस्थाओं में भी परिवर्तन होगा। मैहर माई का धाम है प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी इस शहर में आते है आने वाले दिनों में यातायात का दबाब और ज्यादा होगा इसलिए मैहर सहित तमाम जनों को शहर में आने पर किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसकी जिम्मेवारी तो हर मैहर वासी की बनती है। अब अगर यह सब होना है तो आमजन को थोड़ी बहुत तकलीफ तो हो सकती है जिसे हम सभी को झेलना पड़ेगा। हम किसी के रोजी रोटी में संकट नही पैदा करना चाहते हम इस बात को जानते है कि एक गरीब व्यक्ति दिनभर मेहनत मजदूरी करता है तो उसका घर परिवार चलता है। इसलिए अगर व्यवस्था के मद्देनजर उसका विस्थापन व्यवस्थित व्यवस्था के साथ किया जा रहा है तो सभी लोगों को उस व्यवस्था का सहयोग किया जाना चाहिए। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि उस व्यवस्था का उपयोग विधायक अपने उपभोग के लिए नही कर रहे उसका उपयोग कर उपभोग आमजन मैहर वासियो को ही करना है इसलिए मेरा सभी आमजन,व्यापारी भाइयों,हाथठेला,फुटपाथ पर व्यापार करने वालो से अनुरोध है कि सभी इस बात को समझे और सहयोग करे साथ ही व्यवस्था में सहयोग के लिए एक दूसरे को समझाए प्रेरित करे जिससे हम अपने शहर को एक अलग पहचान देने में सफल हो सके,सुंदर स्वच्छ सुगम मैहर बना सके। ये व्यस्था हर व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखकर की जा रही है जो आवश्यक है।

### मोहर्रमः सवारियां शांति पूर्वक निकालने का निर्णय

**सतना।** 17 जुलाई को आयोजित होने वाले मातमी पर्व मोहर्रम के चल समारोह को लेकर रविवार को सिटी कोतवाली के सभाकक्ष में प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार सौरभ मिश्रा,पुलिस प्रशासन की ओर से नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान,टीआई सिटी कोतवाली शंखधर द्विवेदी,कोलगवां टीआई सुदीप सोनी,सिविल लाइन टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार तथा शांति समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न मोहल्लों में गठित मोहर्रम कमेटियों के सदस्य मौजूद रहे।

## सिटी कोतवाली के पीछे वाणिज्यिक कर वृत्त एक कार्यालय में भड़की आग

# महत्वपूर्ण दस्तावेज, कम्प्यूटर जलकर खाक







सिटी कोतवाली के पीछे रामना टोला में किराए के मकान में संचालित वाणिज्यिक कर विभाग के वृत्त एक कार्यालय के दूसरी मंजिल में बीती रात आग लगने से विभाग के महत्वपूर्ण दस्तावेज व कंप्यूटर सिस्टम जलकर राख हो गए। बताया गया की सुबह धुआं देख चौकीदार ने देखा था। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

**सतना।**

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है,लेकिन फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालाकि भवन कई वर्षों से जर्जर हालत में है बारिश के दिनों में कई दिनों से प्लास्टर टूट कर गिर चुका है। राज्य कर वृत्त-1 का यह कार्यालय पूर्व इंकम टैक्स,सेल टैक्स सलाहकार श्रीराम नेमा के भवन में वर्षों से किराये पर चल रहा है। यह भवन पिछले कुछ वर्षों से देखरेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया है। बताया जाता है कि अर्द्वशतक से अधिक समय से बने इस भवन की छत से पानी टपकता है,दीवारें भी अब कमजोर हो गयी हैं। किराये के उक्त भवन में संचालित वाणिज्यिक कर विभाग के कार्यालय में आखिर आग लगी या लगाई गयी। यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है। बहरहाल हासिल जानकारी के मुताबिक बीती रात राज्य कर के वृत्त-1 कार्यालय में आग भड़कने की जानकारी मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना पर फायर बिग्रेड टीम भी मौके पर पहुंच गयी। फायर बिग्रेड ने कई टैंकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से कार्यालय में आग लग गयी। सूत्रों की माने तो इस अग्निकाण्ड में शहर के वृत्त-1 के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों व्यवसायियों के राज्य कर अदायगी संबंधी रिकार्ड,नोटिसों में हुई कार्यवाही के रिकार्ड आदि बस्ते में बांध कर ऊपर रखे गये थे। उनमें से कई दस्तावेज आग में जल गये। बताया गया है कि सहायक आयुक्त कार्यालय में छापामारी के बाद की गयी वसूली,समझौता आदि के विवरणों की जानकारी भी रहती है। इसके अलावा अद्यतन रिकार्ड भी रखा रहता है। घटना के संबंध में विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

## तोताद्री जियर स्वामी महाराज के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# परोपकार के लिए ही जन्म लेते हैं संत :महाराज



**सतना।**

श्री रामानुज वैष्णव मंडल द्वारा तोताद्री जियर स्वामी के प्रथम आगमन पर सरस्वती विद्यापीठ उतैली के सभागार में तोताद्री स्वामी जी और साथ में आए सभी आचार्यों (परिकर) का स्वागत और चरण सेवा की गई,श्री श्री 1008 श्री स्वामी रामकृष्णा चार्य स्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोंचार से श्री जियर स्वामी जी सरकार की चरण सेवा की गई,उसके बाद सभी सामाजिक संगठनों ने स्वामी जी की आरती चरण सेवा की तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ श्री स्वामी जी सरकार की शोभायात्रा निकाली गई जी विद्यापीठ उतैली से यादव धर्मकांटा रीवा रोड सेमरिया चौक भरहुत नगर मोड होते हुआ भाजपा कार्यालय में श्री स्वामी जी का पुष्पहार और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया स्वामी जी के आगमन में मातृ शक्ति ने 51 कलश के साथ गुरु भगवान का स्वागत किया जहां जहां से शोभायात्रा गुजरी वहां वहां से सामाजिक संगठनों के लोगो ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया भाजपा कार्यालय के बाद श्रीसदन बद्री प्रसाद गुप्ता के निवास में गुरु जी का स्वागत डोल नगाड़ा पटाखों पुष्पवर्षा के चरण सेवा के साथ किया गया और मिठाई लड्डू प्रसाद वितरित किया गया। उसके बाद भरहुत नगर सर्किट हाउस सिविल लाइन होते हुए सोहावल बड़ा अखाड़ा में रात्रि विश्राम हुआ,विश्व के समस्त तोताद्री मठ के 31 वें परमाधिपति सद्गुरु देव तोताद्री जियर स्वामी जी महाराज के सतना प्रवास श्री रामानुज वैष्णव मंडल परिवार और सतना वासियों के लिए सौभाग्य का दिन रहा जहां 14 स्वामीजी एक साथ सतना की तपो भूमि में पधारे,यह दिन वैष्णव परिवार के लिए सबसे बड़ा दिन रहा और गुरु पूर्णिमा का भी दिन मनाया,जीयर स्वामी ने कहा कि परोपकार के लिए हीं संत जन्म लेते हैं। जिस प्रकार नदी,सूर्य,चंद्रमा,वृक्ष आदि दूसरों को राहत पहुंचाते रहते हैं उसी प्रकार संतो को भी परोपकारी होना चाहिए। श्री जियर स्वामी ने कहा है कि हमेशा प्रसन्न रहने वाले,निरंतर सक्रिय,अपने शारीरिक सुख-सुविधाओं की परवाह न करने वाले लेकिन हमेशा दूसरों के कल्याण के बारे में चिंतित रहने वाले जीयर स्वामीजी जहाँ भी जाते हैं,वहाँ आशा और खुशी का संचार करते हैं।भारत के प्रबुद्ध आध्यात्मिक और मानवतावादी परमपूज्य जीयर स्वामीजी वैदिक ज्ञान,आध्यात्मिक अभ्यास,धार्मिक सहिष्णुता,अहिंसा, साझा करने की खुशी और सभी जीवित प्राणियों के लिए आपसी सम्मान के प्रचार के माध्यम से विश्व शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। श्री स्वामी ने कहा कि आचार्य वह होता है जो पहले अभ्यास करता है और फिर उपदेश देता है। श्री स्वामीजी इसका उदाहरण हैं। वे गहन बौद्धिक और आध्यात्मिक संवेदनशीलता वाले संत हैं,दुर्लभ गुणों के अवतार हैं। वे सभी प्राणियों के लिए असीम प्रेम के प्रतीक हैं। उनकी सभी गतिविधियाँ समाज के प्रति उनकी गहरी चिंता और करुणा को दर्शाती हैं,जिसमें काफी हद तक वास्तविक आध्यात्मिक आयाम का अभाव है। कोई भी भक्त उनके जीवन के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता देख सकता है। स्वामीजी के पवित्र स्वरूप से लेकर,उनके बोलने का परिष्कृत तरीका, जिस स्नेह से स्वामीजी आम लोगों को संबोधित करते हैं,उनकी वाणी में वह स्पष्टता और सामर्थ्य जो ग्रहण करने वालों के अंदर से अज्ञानता को मिटा सकता है,यह सब स्पष्ट रूप से देखा और सीखा जा सकता है। साथ ही,वे वैराग्य और त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। वे भौतिक दुनिया और उसके गुणों के किसी भी प्रभाव से परे हैं। उनकी उपस्थिति से आस-पास के सभी लोगों में दिव्य खुशी और शांति की एक अजीब सी अनुभूति होती है। स्वामीजी हमारे लोगों में,चाहे वे युवा हों या वृद्ध,हमारी विरासत के प्रति जागरूकता पैदा करना चाहते हैं। वे हमेशा लोगों से मिलते रहते हैं और उनकी सांसारिक और आध्यात्मिक समस्याओं को सुनते हैं। उनके उज्ज्वल,हमेशा मुस्कुराते चेहरे को देखकर ही भक्तों को राहत मिलती है। उनकी करुणामयी नज़र हमारे मन को शुद्ध करती है और हमारी चेतना को सांसारिकता से दिव्यता की ओर ले जाती है। धन्य हैं वे लोग जो पूज्य स्वामीजी के प्रभाव में आए हैं।

## सड़क मार्ग की मरम्मत न होने के क्षेत्रीय ग्रामीण परेशान



### मरम्मतीकरण शुरू नहीं हुआ तो किया जाएगा आंदोलन

**मैहर।** मैहर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करूआ अंतगत करूआ एवं भेड़ा मार्ग की मरम्मत न होने से बरसात में ग्रामीणों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इस संबंध की जानकारी देते हुए जिला कलेक्टर मैहर को आवेदन पत्र दिया गया था लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि ग्राम पंचायत करूआ में करूआ भेड़ा मार्ग कई वर्षो से मरम्मत न होने के कारण काफी जर्जर हालत में पहुंच गया है कि बरसात के दिनों में पानी भरने से कीचड़ बना रहता है जिसके कारण ग्रामीणों को आवगमन में काफी परेशानी होती है। इस समय इस सड़क की दुर्दशा इतनी खराब हो गई है कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस समय छात्रों के स्कूल खुल गए मगर इस सड़क में कीचड ही कीचड़ होने के कारण आवागमन नहीं कर पाते है और पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। इस समय इस सड़क में कई दो पहिया चालक गिर कर चोटाहिल हो चुके है। इस सड़क के खराब होने के कारण इन गावों से जुड़े उनका आना जाना बंद सा हो गया है। इसी तरह इस सड़क में वाहन एवं मवेशी तक नहीं निकल पाते है।परेशान ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी मैहर को को ग्रामीणों के द्वारा सड़क को बनवाने हेतु आवेदन पत्र दिया गया था। इस संबंध में प्रतिनिधियों एवं सीओ को मौके का निरीक्षण भी करवाया गया था किंतु आज तक इस सड़क को बनवाने हेतु किसी ने रुचि नहीं दिखाई है। ग्रामीणों ने परेशानियों को देखते हुए कहा है कि अगर 16 तक इस सड़क की मरम्मत हेतु कार्य शुरू नहीं किया गया तो समस्त ग्रामीण धरना आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे।आवेदन पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सरपंच रविता कोल, अनिल, बाला सिंह, भोला प्रसाद रजक, काशीदीन कोरी, केदार सिंह, विश्व नाथ कोरी, उदयभान सिंह, बृन्दावन, राजबल, शिवकुमार, रामयण,कल्लू प्रसाद सहित ग्रामीणों ने कहा है कि समय रहते सड़क की मरम्मत का कार्या शुरू नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

# पी.एम.कालेज ऑफ एक्सीलेंस मैहर उद्घटित

## सभी अतिथियों के द्वारा मैहर महाविद्यालय के विद्यावन में किया गया वृक्षा रोपण



**मैहर।**

पी.एम.कालेज ऑफ एक्सीलेंस मैहर का उद्घाटन मैहर के विधायक पं.श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक के द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश द्वार में फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती रानी बाटड,कलेक्टर मैहर रही तथा विशिष्ट अतिथि सुधीर अग्रवाल,पुलिस अधिक्षक मैहर,जनभागीदारी अध्यक्ष संतोष पाण्डेय (राजा भैया), श्रीमती गीता संतोष सोनी,नगर पालिका अध्यक्ष मैहर,तथा रामखेलावन कोल,जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहें। उद्घाटन के इसी क्रम में सभी अतिथियों के द्वारा भारतीय ज्ञान पंरमरा प्रकोष्ठ एवं मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के विद्यार्थी पुस्तक सहायता प्रकोष्ठ का अवलोकन किया गया इसके पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा मैहर महाविद्यालय के विद्यावन में वृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया गया।वृक्षारोपण उपरांत उपरोक्त सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया साथ ही छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गयी।इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं प्राचार्य के द्वारा किया गया एवं स्वागत भाषण तथा महाविद्यालय का परिचय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के.गौतम द्वारा दिया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने महाविद्यालय को पी.एम.उत्कृष्ट महाविद्यालय बनाने हेतु मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती रानी बाटड सभी विषयों मे स्नातकोत्तर की कक्षा आयोजित होने के लिये शुकामनाएँ दीं तथा आवागमन की सुविधा के लिये बस की व्यवस्था होने ध्यनवाद ज्ञापन किया। आभार प्रर्दशन डॉ. एस.के. पाण्डेय, प्राध्यापक द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, मैहर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहें। यह उद्घाटन मध्य प्रदेश के 55 महाविद्यालयों में एकसाथ टू वे प्रसारण के साथ अटलबिहारी बाजपेयी महाविद्याल इन्दौर में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि अमित शाह,गृहमंत्री भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथि म.प्र.के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव थें। यह कार्यक्रम में अमित शाह के द्वारा 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनने की बात कही गयी तथा एक पेड़ मां के नाम से लगाने के सभी को प्रेरित किया।

## आडिट रिपोर्ट से हुआ है खुलासा, क्यों नही होती हर वर्ष नगर पालिका की आडिट

# नबालिगों की भर्ती करने में भी माहिर है नपा मैहर

**मैहर।**



नगर पालिका परिषद मैहर में आखिरकार होन वाली वार्षिक आडिट रिपोर्ट की प्रक्रिया क्यों 6 वर्षो से लंबित है। जब कि नगर पालिका परिषद के वार्षिक एजेंडे में आया एवं व्यय के साथ करोड़ों रुपए की योजनाओं के कराए जाने वाले विकास कार्य के लिए प्रति वर्ष बजट बनाया जाता है लेकिन वर्ष भर में होने वाली आडिट रिपोर्ट न कराए जाने के पीछे पालिका प्रशासन की मंशा स्पष्ट दिखाई नही देती है। इस संबंध में वर्ष 2015-16 के पश्चात जो आडिट रिपोर्ट पूर्व की है उसमें कई तरह के अनुमानित बजट से ज्यादा की राशि व्यय किए जाने पर विभिन्न मदों पर आडिट रिपोर्ट ने चाहे लोक निर्माण से संबंधित ठेकेदार के भुगतान का हो अथवा प्रकाश व्यवस्था हो उस पर भी आडिट रिपोर्ट ने समीर इंटर प्राईजेज के विभिन्न देयकों में सीएफएल बल्व 20 वाट हेतु अलग अलग दरों पर देयकों का भुगतान किया जाना पाया है साथ ही बजार दर 190 रुपए की कीमत का भुगतान 325 रुपए की दर से भुगतान किया जाना स्पष्ट बिलों पर जब जांच हुई तो पूंछे जाने पर ज्ञात हुआ कि 325 त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया था। पिछले देयकों को देखकर देयक तैयार करने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। जब कि उक्त देयक की वसूली संबंधित समीर इंटरप्राइजेज को नोटिस देकर क्या की गई है। इसका उल्लेख अभी तक नहीं है। इसी तरह सफाई व्यवस्था में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की अवैध नियुक्ति एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण के प्रकरण पर भी यह पाया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें प्रमुख दीपक पिता अर्जुन पद नाम जनसेवक नियुक्ति दिनांक 1-1-96 जन्म तिथि 15-4-1981/14वर्ष 8 माह में ही नियुक्ति की गई थी। इसी तरह राम जी पिता ललई जनसेवक 1-1-1996 को भर्ती एवं जन्म तिथि 22-4-1981/14 वर्ष 8 माह। इसी तरह दुर्गा पिता नथ्थू जन सेवक 1-1-1996 /जन्म तिथि 13-5-1981/ 14वर्ष 7 माह। सुनील पिता घसीटा जन सेवक 1-1-1996 जन्म तिथि 22-5-1981 उम्र 14 वर्ष 7 माह। इसी तरह दिलीप पिता शंकर जन सेवक 1-1-1996 जन्म तिथि 14-3-1982 उम्र 13वर्ष 9 माह। इसी तरह सुरेश पिता कमला जन सेवक भर्ती 1-1-1996 जन्म तिथि 17-4-1982 वर्ष 13 8 माह। इसी तरह मिलन पिता कैदी जनसेवक भर्ती 1-1-1996 11वर्ष 8 माह। इसी तरह दीपक पिता धनी जन सेवक भर्ती दिनांक 2-2-1996 उम्र 16वर्ष 5 माह। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 5-3/2006 /1/3भोपाल दिनांक 16 मई 2007 के बिन्दु अनुसार सभी स्थानीय एवं अन्य प्राधिकारी नियमानुसार स्वीकृत पदों पर कार्यरत दैनिक वेतन भोगी अस्थाई कर्मचारी की अनियमित नियुक्तियों को अवैधानिक नियुक्तियों को नियमित करने की कार्यवाही की जानी चाहिए। लेकिन आदेश बिन्दु क्रमांक4.1अवैधानिक नियुक्ति से तात्पर्य के अतंरर्गत उप बिन्दु नियुक्ति 3 के समय निर्धारित आयु न होने पर अवैधानिक नियुक्ति माना गया है। स्पष्ट है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की अवैधानिक/संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत अपात्र लोगों की नियुक्ति होने की स्थिति में उन्हें नियमित नहीं किया जाना चाहिए। नगर पालिका परिषद मैहर के द्वारा कराए गए वर्ष 13-14 एवं 14-15 की आडिट रिपोर्ट कार्यालय उप संचालक निधि समपरीक्षा रीवा मध्य प्रदेश के क्रमांक एलए रीवा 2014 रीवा दिनांक 30-12-1016 की रिपोर्ट से कई मामलों का खुलासा आडिट रिपोर्ट में किया है।अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी के द्वारा क्या आगे की कार्यवाही की जाएगी या मामला ठण्डे बस्ते में ही पड़ा रहेगा।

## खबर संक्षेप

### जिले के विकास में बाधा बन रहा वन विभागः- बृजेन्द्र प्रताप सिंह



**पन्ना।** जिले में सबसे अधिक मात्रा में वन विभाग है, जिसमें पन्ना विधानसभा सबसे अधिक प्रभावित है, क्योकि इस विधानसभा मे पन्ना टाईगर रिजर्व सहित सामान्य वन मंडल की भी रेन्जे है। इस क्षेत्र में हमारे द्वारा लगातार विकास कार्य कराये जा रहे है। जिसमें सडक, बिजली सब स्टेशन, सिचाई परियोजनाएं आदि। लेकिन उक्त विकास कार्य में वन विभाग द्वारा अनावश्यक अवरोध पैदा किया जा रहा है। उक्त बात पूर्व खनिज मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अजयगढ क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पत्रकारो को जवाब देते हुए कही। उन्होने कहा कि वन विभाग द्वारा हर्षा बगोंहा सडक निर्माण, छतैनी रोड, इमलोनिया पनारी रोड़, मडैयन रोड सहित अन्य कार्यो मे व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। वन विभाग के माध्यम से हर विकास कार्यो मे परेशानी आ रही है। उन्होने कहा कि हम इस संबंध में कलेक्टर से बात करेगें तथा विकास मे बाधा उत्पन्न करने वाले वन विभाग के संबंध में आंगे भी बात करेगें।

### जेठानी ने देवरानी के साथ की मारपीट अपराध कायम मामला ग्राम पंचायत ग्राम कमताना का

**अमानगंज।** समीपी ग्राम कामताना में आज पारिवारिक बुराई को लेकर आपस में दो महिलाओं के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है जिसमें फरियादी फरियादी ज्योति चौबे पति राम नरेश चौबे उम्र 32 साल ने खाना अमानगंज आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की पुरानी बुराई को लेकर हमारी जेठानी ने पत्थर मार कर घायल कर दिया जिससे मेरे एवं मेरे लड़के को पत्थर लगे एवं अश्लील गालियां देकर हमारे साथ मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी की दोबारा यदि हमारी बारी के सामने से निकलेगी तो फिर से हम तुम्हारे साथ मारपीट करेंगे थाना अमानगंज जाकर फरियादियों ने जेठानी सुनीता चौबे की विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया जिसमें अपराध धारा 296 12 5(2) 115(2) 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### सास एवं देवर ने बहू के साथ किया मारपीट मामला कायम

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अमानगंज के के ग्राम नरेंद्रपुरा में पारिवारिक बुराई को लेकर सास देवर ने बहू के साथ मारपीट कर घायल प्रियंका पटेल पति विनोद पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नरेंद्रपुर थाना अमानगंज अपने पति विनोद के साथ आकर थाना में रिपोर्ट किया कि घर में सबमर्सिबल मोटर चलाने के ऊपर से मेरी सास बेटी भाई एवं देवर मनोज पटेल ने मेरे साथ मारपीट कर बुरी बुरी गालियां देकर और पत्थर उठाकर मेरे गाल पर मार दिया तब मैं चिल्लाई और अपने पति विनोद को बुलाया व राजेंद्र ने आकर बीच बचाव किया थाना अमानगंज आकर फरियादियों की रिपोर्ट पर धारा 296 115 (2) 351(2) 3(5) बीएन एस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### विधायक ने नए उद्योग स्थापित करने की पहल

**बड़वारा।** जिला उद्योग कार्यालय में जिला उद्योग अधिकारी के साथ बैठकर बड़वारा विधानसभा में इंडस्ट्रियल एरिया के बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्री को मूलभूत सुविधा देने के लिए बिजली एवं रोड की सुविधाओं पर भी चर्चा की गई ।

### मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**कटनी।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा मोहर्रम का पर्व मनाया जाना है। इस पर्व को लेकर कोतवाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहर में निकलने वाले ताजिया जुलूस सहित अन्य आयोजन को लेकर के रूपरेखा तैयार की गई। यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई।

---

विकास को लेकर पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की दृष्टि आज भी उसी अंदाज में

# ग्राम छितैनी में हाई स्कूल की सौगात

पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह की कार्यप्रणाली विकास परख सोच को लेकर जानी जाती है इस पारी में भले ही मंत्री पद नहीं मिला फिर भी विकास की दिशा उसी अंदाज में देखने को मिलती है।







पन्ना।

इससे साफ जाहिर होता है कि सोच के साथ विकास को लेकर जनप्रतिनिधि की भूमिका के रूप में बृजेन्द्र प्रताप सिंह पन्ना विधायक के रूप में भी आगे भावी समय में भारी पडेंगे क्योंकि जिनकी दृष्टि दूरगामी सोच और विकास को लेकर ही तय होती है उनका सफर विकास के कारण आगे बढ़ता ही है। आज जिस तरह से पन्ना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छितैनी में हाई स्कूल की सौगात को लेकर शोसल मीडिया में भूमि पूजन को लेकर दिशा तय की गई है वहीं 18 लाख की लागत से हाई स्कूल भवन की सौगात निर्माण को लेकर जानी जायेगी। यह विकास की दिशा स्वयं ही अपने आप में भविष्य संवारने को लेकर जानी जायेगी। जिस तरह से शिक्षा ही हमारे भावी विकास के भविष्य को तय करता है उसी तरह पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का यह कार्यकाल भी विधायक के रूप में ही सही विकास के चलते क्षेत्र में भारी होगा। कहीं हाई स्कूल तो कहीं सामुदायिक भवन ये सौगातें ही तो जनप्रतिनिधि की भूमिका आम जनता में तय करती है क्योंकि जिनकी दूरगामी सोच के चलते सामुहिक रूप से बड़े कार्य विकास को लेकर क्षेत्र में किये जाते है वहीं इतिहास बनते है। साथ ही विकास ही विकास की सोच हर दिन जिनके मन में आगे चलता है कुछ करने का इरादा जो साफ तौर पर जमीनी रूप में नजर आता है तभी तो आज भी आम जनता अपने विधायक को उसी अंदाज में देखती है जिस तरह से पिछले कार्यकाल में मंत्री पद में हालात थे। भले ही विधायक के रूप में ही सही पर आम जनता विकास को लेकर इनकी सोच से ही लक्ष्य के साथ जानती है जिन पर भरोसा भी तय होता है क्योंकि जब इनकी सोच में ही विकास तो फिर पद क्या जिन्हें अपने क्षेत्र को विकास की दिशा देने के लिये स्वयं ही लक्ष्य साधना है तो सफलता मिलती ही है।

---

# मध्य प्रदेश बीमारू राज्य से उभरकर स्वर्णिम मध्य प्रदेश की ओर अग्रसर है




### जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र मिश्रा ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की प्रस्तुत की रूपरेखा पन्ना जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के पन्ना जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को शनवी लैंड मार्क में संपन्न हुई। बैठक में उपरोक्त से श्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, राजेश वर्मा प्रहलाद लोधी, बृजेन्द्र मिश्रा, मीना राजे, जयप्रकाश चतुर्वेदी राम बिहारी चौरसिया उमेश शुक्ला राम अवतार पाठक, दीपेंद्र सिंह सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र समक्ष में दीप प्रज्वलन किया गया। गत दिनों भाजपा परिवार के जो सदस्य दिवंगत हो गए थे उन दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। शोक प्रस्ताव श्री कमल लालवानी के द्वारा रखा गया। पन्ना जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र मिश्रा ने पार्टी संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 15 जुलाई तक सभी मंडलों की वृहद बैठक आयोजित की जायेगी। 13 से 20 जुलाई तक शक्ति केन्द्र सम्मेलन में बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह आयोजित किए जायेंगे। 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मठ, मंदिर, संत, महात्मा, आश्रम में पूजन अर्चन करेंगे। 26 जुलाई को करगिल दिवस के अवसर पर सैनिकों का सम्मान, प्रतिमा स्थलों, स्मारकों पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 28 जुलाई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिले के सभी बूथों पर सामूहिक रूप से सुनेंगे। 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान में हरियाली अमावस्या तक संचालित किए जायेंगे। इसके साथ ही मतदाता अभिनंदन यात्रा और महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन भी आयोजित होंगे। इसके बाद सतानंद गौतम जी ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा की आगामी जो बजट पेश किया गया है उसमे हर वर्ग का ध्यान रखा गया है,इस बजट मैं पूरे मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले का और प्रत्येक विधानसभा का ध्यान रखा गया है। सदानंद जी का राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन पूर्व मंत्री एवम वर्तमान विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह जी ने किया। श्री सिंह ने कहा के मुझे खुशी है कि राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करने का मौका मुझे मिला हमारे प्रदेश के अंदर जब कांग्रेस का बजट पेश होता था तब उनका बजट 15 से 50 करोड रहता था, लेकिन इस बार माननीय मुख्यमंत्री जी ने 3 लाख 65000 करोड़ का बजट पेश किया। श्री सिंह ने कहा की हमारी सरकार ने लगभग 23 हजार भर्तियां निकली है। हमारी 14301 प्रति व्यक्ति आय हो गई यह हमारा विकास की सूचक है पहले सिंचाई के क्षेत्र में 2003 में मात्र 7 लाख एकड़ मैं सिंचाई होती थी आज बढ़कर 45 लाख हेक्टर हो गई है और अगले साल 65 लाख हेक्टर होने वाली है। श्री सिंह ने कहा कि हम विकास के कारण नंबर वन हैं आज भी केंद्र की 11 बड़ी ऐसी योजनाएं हैं जिसे मध्य प्रदेश नंबर वन है माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सदा विकास के सोपान गढ़ रहा है। राजनीतिक प्रस्ताव के बाद महामंत्री दीपेंद्र सिंह ने केंद्र में भाजपा सरकार बनाए जाने पर बधाई प्रस्ताव रखा बधाई प्रस्ताव का समर्थन करते हुए गुनौर विधायक श्री राजेश वर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश में 29 में से 29 सीटें आना ,माननीय मोदी जी की लोकप्रियता और बीडी शर्मा की कुशल संगठन क्षमता के कारण मध्य प्रदेश के मन में मोदी है। देश में तीसरी बार मोदी सरकार का आना इस बात का सूचक है कि लोगों ने मोदी जी और मोदी जी की नीतियों को पसंद किया है। इसके बाद जिला प्रभारी श्री उमेश शुक्ला ने कुशल संगठक और कुशल कुशल नेतृत्व के गुणों पर प्रकाश डाला।

उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिले के मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन राजेंद्र कुशवाहा ने किया। दुर्गेश शिवहरे जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी पन्ना जिला महामंत्री किशन सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव और प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली जीत के साथ विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य लेकर प्रस्ताव पारित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ भारत निरंतर विकास के रास्ते पर नए आयाम छू रहा है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा कर विश्व गुरु बनेगा। राजनैतिक प्रस्ताव जिला पामयक्ष राहुल राजपूत ने प्रस्तुत किया। जिला महामंत्री जगदीश यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा संसद में भाषण के मुख्य अंश भी प्रस्तुत किए। मंच का संचालन जिला पामयक्ष इन्द्रजीत सिंह राजपूत एवं आभार जिला पामयक्ष सतीश विश्वकर्मा ने माना।

---



# जेल को सुधार गृह समझकर जीवन परिवर्तन करें- ब्रह्माकुमारी बहनजी



**पन्ना।** ब्रह्माकुमारीज़ विद्यालय द्वारा जिला जेल में महिला वार्ड के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता को देखते हुए एक वाटर कूलर उपहार स्वरूप भेंट किया गया एवं श्नशा मुक्त भारत अभियानश के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बहन जी ने सभी कैदियों को समझाते हुए कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं परिवार, समाज और पूरे विश्व को क्षति पहुंचता है, नशा नाश की जड़ है। व्यसनों का शिकार होना अपने जीवन को नर्क बनाना है। व्यसनों के कारण ही आज हमारा समाज पतन की ओर जा रहा है। बहनजी ने अनेक चित्रों एवं उदाहरण के माध्यम से सभी प्रकार के व्यसनों से होने वाले नुकसान से अवगत कराया एवं कहा कि मानव परमात्मा की सबसे सुंदर रचना है इसलिए इंसान को अपने अनमोल जीवन को नशे में व्यर्थ गंवाने से बचाते हुए उसे स्वयं का विकास, परिवार एवं समाज के कल्याण में लगाना चाहिए। जीवन को बचाना प्रत्येक व्यक्ति का धर्म अथवा कर्तव्य है। नशा छोड़ने के लिए हमें अपने आप में दृढ़ प्रतिज्ञा करनी होगी एवं रोज कुछ समय ध्यान के लिए अवश्य निकालना है। सभी को नशा छोड़ने के लिए प्रतिज्ञा कराई गई। इस उपलक्ष में शकुंतला बहन ने भी अपने विचार रखे एवं संस्था का परिचय दिया। जेलर साहब ने कार्यक्रम की सराहना की एवं धन्यवाद देते हुए पुनः आने आग्रह किया।

---

# विकास के दावे और वादों की पोल खोल रहा मडैयन पायक गाँव, अधूरी नाली निर्माण से पहली ही बारिश मे गाँव हुआ जलाशय मे तब्दील





अमानगंज।

सरकार कितना ही गाँव नगर विकास यात्रा निकालकर विकास के ढोल पीटे लेकिन धरातल पर सब सून्य नजर आ रहा है सिर्फ कागजों मे विकास की खानापूर्ति के साथ कार्य पूर्ण कर दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है अमानगंज तहसील अन्तर्गत आने बाले ग्राम पंचायत पगरा के ग्राम मडैयन पायक का जिसमे नाली निर्माण मे हुए व्यापक भ्रष्टाचार की पोल खोल के रख दी है। नाली निर्माण और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण पहली ही बारिश मे सड़क जलाशय मे तब्दील हो चुकी है, गाँव का लगभग आधा हिस्सा पानी की चपेट मे आ चुका है और घरों के अंदर तक पानी भर गया है जिसमे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गाँव से लगे 3 अन्य गाँव बैरगढ़ा, रंगिया और भटपुरा मार्ग पूर्णतः अवरुद्ध हो चुका है। बच्चों का स्कूल चलो अभियान भी फैल हो गया है बच्चों का स्कूल जाना तो दूर घर से निकलना भी मुस्किल हो गया है। घर मे बरसात का गंदा पानी भर जाने से डेंगू, मलेरिया और डायरिया का खतरा बढ़ गया है। मडैयन पायक के कुछ लोगों ने तहसील अमानगंज तहसीलदार को दिनाँक 9 जुलाई 2024 को आवेदन के माध्यम से अवगत भी कराया गया था के बाबजूद भी न कोई संज्ञान लिया गया न कार्यवाही की गई। ऐसे मे ग्रामीण जाये तो कहाँ जाये और किससे अपनी व्यथा सुनाए।

# विधायक ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण, नदारद मिले शिक्षक पर कार्रवाई करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा

छात्रों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए शासन द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं किंतु इसके बावजूद अधिकतर स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन नही किया जा रहा है। समय से स्कूल में न पहुंचना इनकी फितरत बन चुकी है। शासकीय स्कूलों के शिक्षक जिनके ऊपर छात्र छात्राओं के भविष्य का दायित्व होता है इनके द्वारा समय से स्कूल में अपनी उपस्थिति नही दी जाती है एवम छात्रों को शिक्षा देने में हद दर्जे की लापरवाही कोताही बरती जाती है। ग्राम वासियों के द्वारा अवगत करवाने पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तो स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित मिले। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह दस बजकर तीस मिनट पर पहरुआ मिडिल स्कूल पहुंचे तो स्कूल में कोई भी शिक्षक उपस्थित नही मिले ।

---

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का उद्घाटन समारोह का आयोजन





पन्ना।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स का भव्य शुभांरभ दिनांक 14 जुलाई 2024 को शहर के छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा वर्चअल रूप से जुडे रहें। कार्यक्रम में माननीय विधायक पन्ना ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, माननीय विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, माननीय विधायक पवई प्रहलाद लोधी, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष पन्ना श्रीमती मीना राजे परमार, माननीय नगर पालिका अध्यक्ष पन्ना श्रीमती मीना पाण्डेय, माननीय जिला अध्यक्ष भाजपा पन्ना ब्रजेन्द्र मिश्रा, माननीय कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार, माननीय सीईओ जिला पंचायत पन्ना संघ प्रिय एवं अन्य शासकीय प्रशासकीय अधिकारी एसडीएम, एसडीओपी, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जयप्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बाबूलाल यादव, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आसुतोष मेहदेल, महाविद्यालय के पूर्व छात्र सुरेन्द्र सिंह परमार, वरिष्ट भाजपा नेता रवीन्द्र शुक्ला, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष तरूण पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर त्रिवेदी, एडवोकेट दयानिधि सिंह बुन्देला तथा जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभांरभ में सर्वप्रथम वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री माननीय ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने नवनिर्मित मुख्य द्वार पर फीता कटकर किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स के अन्तर्गत स्थापित विद्यार्थी पुस्तक सहायता केन्द्र विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ का शुभांरभ किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने विद्यावन में पौधारोपण किया। उद्घाटन समरोह में उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया एवं महाविद्यालय द्वारा तैयार किये गये बुकलेट अतिथियों को दिया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार का स्वागत भाषण हुआ एवं उन्होनें प्रधामंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स की अवधारणा से सभी लोगों को अवगत कराया। इसी क्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर विशेष चर्चा की। गुनौर विधान डॉ. राजेश वर्मा ने सभी लोगों का अश्वासन दिया कि जिले में मेडिकल कॉलेज जल्द ही अपने वास्तविक स्वरूप में आयेगा साथ ही उन्होंने केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं की भी विशेष चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने महाविद्यालय द्वारा नैक ठ$$ ग्रेड प्राप्त करने पर सभी को बधाई दी एवं महाविद्यालय में जो भी विषय या संकाय संचालित नहीं है उन्हें भविष्य में संचालित करवाने का आश्वासन दिया। संपूर्ण कार्यक्रम का टू वे प्रसारण किया गया। मुख्य उद्घाटन समारोह इंदौर से संपन्न हुआ। इंदौर में संपन्न उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स के लिये प्रदेश सरकार को बधाई दी एवं मध्यप्रदेश द्वारा सर्वप्रथम नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने पर माननीय मुख्यमंत्री जी डॉ. मोहन यादव एवं समस्त मध्यप्रदेश को शुभाकामनायें दी। इन्दौर से प्रसारित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार जी, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के उद्बोधन को महाविद्यालय में उपस्थित सभी अतिथि गण समस्त स्टाफ एवं समस्त छात्र/छात्राओं ने सुना। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने महाविद्यालय में संचालित होने वाली विद्यार्थी बस सेवा को हरी झण्डी दिखाकर शुभांरभ किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के सदस्यों का विशेष सहायोग प्राप्त हुआ एवं नगरपालिका के पार्षद भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बी.एन. जायसवाल एवं जनभागीदारी के सदस्य राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### मासूम भांजी के साथ दुराचार करने वाले मामा को आजीवन कारावास

**लवकुशनगर।** मामा भांजी के रिश्ते को कलंकित करने वाले मामा को न्यायाधीश सारिका गिरि शर्मा की कोर्ट नेआजीवन कारावास के साथ 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित करने की सजा सुनाई है। एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया कि गौरिहार थाना क्षेत्र में पीड़िता की मां अपने पति और बच्चों के साथ अपने मायके आई हुई थी। 7 सितंबर 2023 को उसकी बड़ी लड़की का जन्मदिन था जैसे वह लोग रात्रि करीब 11 बजे जन्मदिन मना कर खाना खा रहे थे, पीड़िता खाना खाकर बाहर खेल रही थी जब उसने थोड़ी देर बाद घर के बाहर जाकर देखा तो उसकी बच्ची घर के आसपास कहीं नही दिखी। पीड़िता की मां ने अपनी बच्ची को आसपास जाकर देखा तो घर के सामने कच्ची सड़क से रोते हुए पीड़ित बच्ची पैदल आते हुए दिखी। उसने पीड़िता से पूछा कि वह क्यों रो रही है तो उसने बताया कि आरोपी उसे टॉर्च दिखाने की कहकर अंधेरे में पहाड़ के पास ले गया था, और उसके साथ गलत काम किया, पीड़िता के शरीर में चोटो के निशान थे। आरोपी मामा को ढूंढा गया लेकिन वह भाग गया। पुलिस द्वारा पीड़िता की मां की रिपोर्ट के आधार पर थाना गौरिहार में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और मामले को कोर्ट के सुपुर्द कर दिया। विशेष लोक अभियोजक केएल प्रजापति ने मामले के गवाह एवं सबूत पेश कर आरोपी को कठोर दंड से दंडित करने का निवेदन किया गया। न्यायाधीश डॉ. सारिका गिरि शर्मा की अदालत ने आरोपी मामा को नाबालिक भांजी के साथ दुराचार करने के आरोप का दोषी करार देकर आजीवन कारावास के साथ दो हजार रूपए जुर्माना की से सुनाई। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि आजीवन कारावास का मतलब आरोपी का शेष प्राकृतिक जीवन माना जाएगा।

### राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का अधिवेशन आयोजित



**छतरपुर।** रविवार को शहर के एक स्थानीय होटल में राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ के दो दिवसीय 17वें अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें डाक विभाग से जुड़े देश भर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। अधिवेशन के विषय में जानकारी देते हुए मनोज सिंह चौहान ने बताया कि इस अधिवेशन में डाक कर्मचारियों के हित से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। अधिवेशन में विभाग द्वारा अपनाई जा रहीं नीतियों और आगामी तकनीकों पर आधारित विभिन्न गतिविधियों पर मंथन हुआ। आयोजन में डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों ने अपना मार्गदर्शन दिया।

### मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**छतरपुर।** मुस्लिम समाज के आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर पुलिस एवं प्रशासन ने रविवार को सिटी कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठक में सीएसपी अमन मिश्रा सहित प्रशासन, नगर पालिका और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी समाजों और धर्मो के लोगों को आमंत्रित कर त्यौहार के संबंध में जानकारी ली गई। सीएसपी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व परंपरा के अनुसार शहर में मनाया जाएगा। ताजियों के विसर्जन के संबंध में मुस्लिम समाज के लोगों से चर्चा की गई है। शांतिपूर्ण ढंग से ताजियों का विसर्जन हो इसके लिए प्रशासन तैयारियां करेगा।

### पंचायत में कराई मुनादी

**बनवार।** ब्यारमा नदी के किनारे पिछले 24 घंटे में मगरमच्छों के हमले की दो घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि यह घटनाएं जंप जबेरा की तेजगढ़ रेंज गांव गुढ़ा और दमोह रेंज कनिया घाट पटी क्षेत्र की हैं।

## गृहमंत्री अमित शाह ने वर्चुअल के माध्यम से

# बापू पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन

**नई शिक्षा नीति में उन आक्रांताओं अग्रेजों को नहीं बल्कि अब वेद पुराण और भारतीय संस्कृति को पढ़ाया जाएगा : राज्य मंत्री अहिरवार**

रविवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज आयोजित कार्यक्रम के साथ साथ प्रदेश के 55 जिलों के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का भी वर्चुअल तरीके से शुभारंभ किया।



**नौगांव।**

जिसमें छतरपुर जिले के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय बापू पीजी महाविधालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गृहमंत्री के द्वारा उद्घाटित कार्यक्रम को एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया।

बापू पीजी पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत अध्यक्ष विधा अग्निहोत्री, जनपद अध्यक्ष हेमलता राकेश पाठक,जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हरगोविंद गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी सहित अन्य अथिति शामिल हुए तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के द्वारा की गई। शासन की ओर से नियुक्त किए गए उच्च शिक्षा विभाग के ओसडी आर के गोस्वामी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर एचडी अहिरवार ने आयोजित कार्यक्रम के बारे में एवं कॉलेज में चल रही गतिविधि, विकास कार्य एवं आवश्यकताओं को लेकर बताया। तो वहीं मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने संबोधित करते हुए कहा कि 2003 से पहले प्रदेश में शिक्षा की हालत क्या थी किसी से छिपी नहीं है स्कूलों में बैठने के लिए फट्टी भी नहीं होती थी, लेकिन आज हमारे सरकारी स्कूलों के बच्चों को सब सुख सुविधाएं मिल रही हैं, प्रदेश में 150 के लगभग सीएम राइज स्कूल चल रहे हैं, जो कि एक विश्व स्तरीय स्कूल हैं उनमें शिक्षा का स्तर बहुत ही बेहतर है, इसी तरह हमारे प्रदेश के कॉलेजों का विकास लगातार हो रहा है। हमारे पीएम मोदी ने नई शिक्षा नीति बनाई और हमारे सीएम ने इसे सबसे पहले एमपी में लागू किया। हम धन्यवाद देना चाहते हैं पीएम मोदी और सीएम को, क्योंकि अब नई शिक्षा नीति के माध्यम से हमें हमारे ऊपर आक्रमण करने वाले, राज करने वाले अग्रेजों को नहीं पढ़ना होगा, बल्कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से अब हम वेद पुराण और भारतीय संस्कृति को पढ़ेंगें। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक कामख्या प्रताप सिंह और जिला कलेक्टर संदीप जीआर सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। जनभागीदारी अध्यक्ष हरगोविंद गुप्ता ने संबोधित करते हुआ कहा कि मध्यप्रदेश के कॉलेजों में स्टूडेंट्स अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से लेकर वेद पुराण तक की शिक्षा हासिल कर सकेंगे। यहां रोजगार देने वाले विषय लॉजिस्टिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मार्केटिंग को पढ़ाने पर फोकस रहेगा। साथ ही, युवा पीढ़ी को वेद, उपनिषद, पुराण भी पढ़ने को मिलेंगे। यही नहीं, प्रदेश के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को आईआईटी-आईआईएम की तर्ज पर डेवलप किया जाएगा। विद्यार्थी एक रुपए रोज के किराये पर बस से रोज कॉलेज आ-जा सकेंगे। कॉलेज में सेक्टर स्किल काउंसिल के सहयोग से स्किल बेस्ड ग्रेजुएशन कोर्स शुरू होंगे।

### आईआईटी से होगा एमओयू, 2 सर्टिफिकेट कोर्स चलेंगे

प्राचार्य डॉक्टर एचडी अहिरवार ने बताया कि कॉलेज में एनसीटीई से परमिशन मिलने पर जल्दी ही बीएड पाठ्यक्रम शुरू हो जाएगा वहीं, आईआईटी दिल्ली से एमओयू के आधार पर सभी कॉलेज में दो सर्टिफिकेट कोर्स (90 घंटे के ऑनलाइन) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फिनटेक विद एआई संचालित किए जाने का प्रस्ताव है। साथ ही पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर रोजगार परक पाठ्यक्रम शुरू होने हैं, इसमें कृषि और पर्यटन से संबंधित पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। बीएससी कृषि (एग्रीकल्चर) कोर्स शुरू होंगे। प्रदेश में ड्रोन नीति निर्माण पर पढ़ाई कराई जाएगी। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, भवन विस्तार, लैब उपकरण, लाइब्रेरी, खेल सुविधा, फर्नीचर के भी कार्य किए जाएंगे। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को 40 लाख रुपए प्रति महाविद्यालय देकर कैंपस डेवलपमेंट करने की मंजूरी दी गई है। इससे पुताई, मरम्मत, एंट्री गेट पर साइनेज और गार्डन की हरियाली का कार्य किया गया।

### हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

कार्यक्रम के उपरांत राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने छात्रों के कॉलेज आवागमन के लिए लगी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वर्तमान में जिला स्तर पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्र छात्राओं के आवागमन के लिए एक बस लगाई गई है, जिसमें छात्र प्रतिदिन एक रुपए के किराए में कॉलेज आ जा सकेंगे। बस सेवा जनभागीदारी मद से प्रारंभ की गई है।



# कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आदतन अपराधी पर गैर इरादतन हत्या सहित 6 अपराध हैं पूर्व से दर्ज**

**छतरपुर।**

विगत दिवस थाना नौगांव चौकी लुगासी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धीरजपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद कर पीड़ित शंकर यादव को कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। मृतक के परिजनों एवं साक्षियों के कथनों, घटनास्थल के भौतिक निरीक्षण से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर हत्या में सम्मिलित एक दर्जन आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2),( 3), 190 103 118(1) 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस टीम गठित कर अति शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए। थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना के मुख्य आरोपी करण यादव को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी आरोपी के पास से जप्त की गई, हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताया गया है। ग्राम धीरजपुरा में हत्या का मुख्य आरोपी करण यादव एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व से अनियंत्रित वाहन चलाकर गैर इरादतन हत्या, अवैध शराब, अवैध हथियार, मारपीट जैसे 6 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं। अभियुक्त करण यादव से पूछताछ एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

# एसपी ने लवकुशनगर अनुभाग के थानों एवं चौकियों का किया निरीक्षण

**थाना परिसर में जन संवाद कर अवैध गतिविधियों की जानकारी हेतु संपर्क नंबर किए साझा**



**छतरपुर।**

पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत निरंतर भ्रमण कर आम जनमानस की समस्याओं को जानने हेतु एवं भय मुक्त परिवेश के एहसास हेतु जन संवाद किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुभाग लवकुशनगर क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। थाना जुझारनगर के कस्बा बारीगढ़ में पैदल भ्रमण करते हुए नगर वासियों से जनसंवाद किया गया, उसके पश्चात थाना गौरिहार में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। थाना गौरिहार का निरीक्षण उपरांत चौकी पहरा भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात विगत रात्रि में चौकी पठा थाना लवकुश नगर का निरीक्षण किया गया, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्तालाप की।

आज पुलिस अधीक्षक ने चंदला कस्बे में पहुंचकर प्रातः भ्रमण कर नगर वासियों से संवाद किया, उसके पश्चात थाना चंदला का निरीक्षण किया गया, थाने के लंबित मर्ग, लंबित गंभीर अपराध, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों सहित अन्य शिकायत की समीक्षा की गई एवं निकाल हेतु निर्देशित किया गया। थानों के भवन, उपकरण, संसाधनों का भी निरीक्षण किया गया। आवश्यक रखरखाव हेतु थाना प्रभारी को निर्देश दिए।

निरीक्षण पश्चात थाना चंदला परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र वासियों से जन संवाद कर समस्याएं जानी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध जैसे मनी फ्रॉड, सेक्सटॉर्सन इत्यादि से बचाव हेतु उपाय बताए गए साथ ही जनमानस से अपने बच्चों एवं परिजनों को भी साइबर फ्रॉड से बचाव एवं सजग रहने हेतु समझाइस देने की सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक एवं उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा संपर्क नंबर साझा किए गए क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों की सूचना हेतु शीघ्र सूचित करने हेतु कहा गया। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने थाना प्रभारी चंदला को नशे एवं अवैध हथियारों, क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग कर रहे आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी बछौन थाना चंदला, चौकी अकटौंहा थाना लवकुशनगर मे भी भ्रमण कर जन संवाद किया गया। संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। थाना एवं चौकी क्षेत्र मे प्रातः भ्रमण एवं पुलिस थाना चंदला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे, थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, थाने में तैनात पुलिस बल, मीडिया बंधु, नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बाईक चोरी में सम्मिलित 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर।**

विगत 22 मई 24 को फरिय़ादी बहादुर आदिवासी निवासी कुपिया की मझगुवां के जंगल में मोटरसाईकिल चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सटई में अपराध धारा 382 भादवि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।



विवेचना दौरान 13 जुलाई को थाना प्रभारी सटई उनि.दीपक यादव एवं पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर संदेही विजय अहिरवार निवासी राधेपुर थाना कोतवाली, कालू उर्फ दिनेश अहिरवार निवासी कुटिया, प्रवीण अहिरवार निवासी कुटिया एवं विशाल अहिरवार निवासी कुटिया थाना बमीठा व दो नाबालिग बालकों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछतांछ की गई। जिन्होने जुर्म करना स्वीकार किया एवं चोरी गई मोटर साईकिल व पावर बैंक आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया। उक्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, वहीं नाबालिग बालकों को बाल सुधार गृह में दाखिल किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि.दीपक यादव, उनि. कुलदीप सिंह जादौन चौकी प्रभारी पडरिया, तिलक सिंह, सउनि जीत सिंह चौहान, प्रआर. उमाशंकर शुक्ला, शिवराम यादव, आर. पकंज निरंजन, जितेन्द्र साहू, कविता, अरविन्द रावत, एनआरएस सदस्य बबलू यादव की मुख्य भूमिका रही।

# रसायन विभाग द्वारा नैनो टेक्नोलॉजी विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज से

**देश विदेश के रसायनशास्त्रियों के व्याख्यानों का छात्रों को मिलेगा लाभ**

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी,छतरपुर के रसायनशास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र द्वारा कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आगाज आज 15 जुलाई से हो रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रसार एवं अनुकरण हेतु आयोजित इस सेमिनार का समापन 16 जुलाई को होगा। इस महत्त्वपूर्ण विषय पर आयोजित सेमिनार में होने वाले व्याख्यानों का लाभ विज्ञान के साथ साथ अन्य संकायों के छात्र छात्राओं को भी मिलेगा। रसायनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डा अर्चना जैन एवं मीडिया सेल की सदस्य श्रीमती पूजा तिवारी ने बताया कि नैनो टेक्नोलॉजी थ्रू टाइमः ब्रिजिंग एनसिएंट इंडिया टू मॉडर्न इनोवेशन विषय पर आयोजित इस सेमिनार में देश एवं विदेश के विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान परंपरा और नैनो प्रौद्योगिकी के गहन संबंधों पर प्रकाश डालेंगे।

सेमिनार की समन्वयक डा मौली थॉमस ने बताया कि पहले दिन उद्घाटन सत्र 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से जेसी बोस हॉल में माननीय कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि प्रो.एम.एस. गौर, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर, राजस्थान होंगे।

प्रथम तकनीकी सत्र सुबह साढ़े 11बजे से प्रो. अर्चना चौहान एमसीबीयू, छतरपुर की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। इस सत्र में प्रथम आमंत्रित वक्ता डॉ. अर्चना पांडेय, लोकपाल, डॉक्टर हरि सिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. सागर, द्वितीय आमंत्रित वक्ता प्रो. रत्नेशदास डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर तथा डॉ. थिल्लई सिवकुमार नटराजन वैज्ञानिक सीएसआईआर केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान चेन्नई अपना व्याख्यान देंगे। द्वितीय तकनीकी सत्र दोपहर 2 बजे डॉ. राहुल कुमार शर्मा श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा (जबलपुर) की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। इस सत्र में डा. गौहर अहमद नायकू, विश्वविद्यालय ओमान तथा डॉ. मौली थॉमस एमसीबीयू, छतरपुर अपना व्याख्यान देंगी। सेमिनार का समापन 16 जुलाई को विभिन्न सत्रों के साथ होगा।

# सोमवार से शुरू होकर इसी दिन समाप्त होगा सावन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

सावन में अद्भुत संयोग बन रहा है। सावन माह की शुरुआत सोमवार से होगी और समापन भी सोमवार को होगा। इस माह 5 सावन होंगे। 22 जुलाई को श्रावण मास शुरू होगा। पहले सोमवार पर श्रवण नक्षत्र, प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन माह का समापन होगा। पं. गोपाल शास्त्री ने बताया कि शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि और शोभन योग रहेगा। भगवान शंकर के साथ ही मां गौरी की कृपा भी मिलेगा। महिलाओं के लिए मंगला गौरी पूजन के लिए चार दिन मिलेंगे। 23 जुलाई को सुबह, 30 जुलाई, 6 अगस्त और 15 अगस्त को।



### हरियाली तीज पर मंदिरों में लगेंगे झूले

7 अगस्त से सावन माह में भगवान श्रीकृष्ण की आराधना भी शुरू हो जाएगीः इस दिन से हरियाली तीज से मंदिरों में झूले लगना शुरू होंगे। जन्माष्टमी तक मंदिरों व घरों में श्रीकृष्ण की भक्ति का उत्सव होगा। इस दौरान काफी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचेंगे।

### शिवपूजन का बहुत बड़ा महत्व है

सावन के महीने में भगवान शिव का पूजन किया जाता है और इसके पीछे कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार सावन के महीने में ही भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकला विष का प्याला पीया था. इस विष का ताप इतना तेज था कि इंद्र देवता ने बारिश करके उन्हें शीतल किया था. इसलिए सावन के महीने में बारिश होती है. प्रति सोमवार को भक्तजनों द्वारा मिट्टी के भगवान शंकर को बनाकर अभिषेक पूजा अर्चन किया जाता है

### पूर्णिमा तिथि पर होगा सावन माह का समापन

22 जुलाई को सूर्योदय से रात 11.40 तक सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग और श्रवण नक्षत्र का योग रहेगा। 23 जुलाई की सुबह 5.57 से दोपहर 12.5 तक घि-पुष्कार योग रहेगा। माह के 7 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। 19 अगस्त को 7.30 तक शोभन योग व पूर्णिमा तिथि पर सावन माह का समापन होगा।

### नगर में विवाहों का जोर शोर

नगर में इन दिनों देर रात तक विवाह समारोहों की धूम जारी है। लोग एक ही दिन में कई जगह जाकर वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। 14 जुलाई को मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह भी नगर में हो रहे हैं। इन विवाह के आयोजनों से नगर की व्यवसायिक दुकानदारों का व्यापार जोरों पर है। नगर के सराफा, कपड़ा, बर्तन, , इलेक्ट्रिक आइटम, दो पहिया वाहन, फर्नीचर, किराना आदि दुकानों पर ग्राहकी बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**रीवा ।** एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत नईगढ़ी में 15 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा 350 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करने तथा चयनित होने के पश्चात प्रशिक्षण का व्यय 10 हजार रूपये प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली पर स्वयं करना होगा।

### साक्ष्य प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि आज

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि श्री बुद्धसेन कोल द्वारा नियुक्ति के संबंध में शिकायत की गई थी। शिकायत की जाँच दल द्वारा कराई गई। जाँच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में पक्ष व साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह आगामी 15 जुलाई को शाम 4 बजे तक उनके समक्ष उपस्थित होकर पक्ष व साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि व समय के बाद प्रकरण में कोई भी साक्ष्य और आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट



**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में बीती रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई राड लाठी डंडे से किए गए हमले में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वही घटना पुरानी रंजिश को लेकर बताई गई है , जिसके पीछे पूर्व में भी मारपीट हो चुकी है बीती रात इसी विवाद को लेकर एक बार फिर गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हुई और दोनों पक्ष आपस में भिड़ पड़े बताया गया कि सेमरिया के बीरखाम में रहने वाले ठाकुर दीन साकेत से अतुल साकेत का काफी समय पहले पानी को लेकर विवाद हो गया था इसी विवाद को लेकर अतुल साकेत एवं उसके साथियों ने मिलकर ठाकुरदिन के परिवार पर हमला कर दिया ,मारपीट की इस घटना में ठाकुर दिन सहित रजनीश साकेत विनय साकेत पवन साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही इधर घटना में घायल हुए परिवार के द्वारा शाहपुर चौकी में मामला दर्ज कराया गया है बताया जा रहा है की मारपीट की इस घटना में दूसरे पक्ष को भी चोट आई है पूरे मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर दोनों बच्चों की ओर से मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सुने मकान में चोरों ने बोला धावा

**रीवा।** जिले में चोरों ने इस समय धमा चौकड़ी मचा रखी है,और आए दिन चोरी की छोटी बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।लेकिन पुलिस लगभग हर मामले में अब तक खाली हाथ है ताजा मामला रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगांव पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम अटरिया मे जहां पुलिसकर्मी सुने आवास में घुसे अज्ञात चोरों ने तकरीबन एक लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात अंजाम दिया है बताया गया है कि श्याम सुंदर तिवारी इंदौर पुलिस में पदस्थ है, और वही पूरे परिवार के साथ रहते हैं जब कि उनका मकान ग्रह ग्राम अटरिया में बना हुआ है जिसकी देखरेख उनके भाई कमलेश्वर तिवारी द्वारा की जाती है बताया गया है कि बीती रात्रि छत के रास्ते घर के अंदर घुसे अज्ञात चोरों ने बर्तन सहित अन्य सामान लेकर रफूचक्कर हो गए।

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ








**प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअली हुआ शुभारंभ विद्यार्थियों को आधुनिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा मिलेगी - उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 55 जिलों में संचालित होने वाले प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का वर्चुअली शुभारंभ किया।

रीवा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। रीवा जिले के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय एवं मऊगंज जिले के शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में शुभारंभ हुआ। शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षा के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आधुनिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा विद्यार्थियों को दी जायेगी। आत्मनिर्भर भविष्य की ओर मूल्य आधारित शिक्षा से प्रदेश के युवा कौशलवान बनकर अपना बेहतर कल गढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आईआईटी के सहयोग से कोर्स संचालित होंगे तथा अन्य सभी शैक्षणिक संसाधन भी उपलब्ध होंगे जिसका लाभ युवा पीढ़ी को मिलेगा। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। संस्कारित होने से संवेदनशीलता व विनम्रता आती है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण रोजगारोन्मुखी शिक्षा से युवाओं को रोजगार देने वाले संस्थान स्वयं ही महाविद्यालय में आकर रोजगार देंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प से देश व प्रदेश में मजबूत अधोसंरचना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना का विकास नई पीढ़ी के लिए सौगात है। नई शिक्षा नीति युवाओं के लिए उन्नति के सभी मार्ग खोलने का सशक्त माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सर्व प्रथम मध्यप्रदेश में ही नई शिक्षा नीति लागू की गयी थी। राजेंद्र शुक्ल ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया तथा कहा कि यदि कोई इस लत में पड गया है तो उसके सुधार के लिए मददगार बने। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में इससे पूर्व विज्ञान संकाय की शिक्षा दी जाती थी। अब प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस हो जाने से यहां आर्ट व वाणिज्य संकाय में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी इस कालेज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आश्वस्त किया की प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के तौर पर उन्नयित हो रहे महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दिये जाने का पूरे मनोयोग से प्रयास होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने फीता काटकर एवं शिला पट्टिका का अनावरण कर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यावन में वृक्षारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मिलने वाली बस सेवा का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद, कलेक्टर प्रतिभा पाल, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रबोध व्यास, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, सदस्य कमलेश सच्चदेवा, विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि , प्राध्यापक, अधिकारीगण तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारतेन्दु मिश्र एवं डॉ. आरती तिवारी ने किया।

## उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में गौशाला निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में जिले में गौशाला निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करायें तथा जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ करायें। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में शेष निर्माण कार्यों को अगस्त माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आगामी दिनों में कार्यक्रम प्रस्तावित है अतः सभी निर्माण कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण हो जाय। श्री शुक्ल ने जिले के अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी गौवंश वन्य विहार निर्माण के कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश बैठक में दिये। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे उपस्थित रहे।

### पार्षद अपने वार्डों में सघन वृक्षारोपण करायें

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम के सभी पार्षदों से अपेक्षा की है कि वह अपने वार्ड में सघन वृक्षारोपण कर शहर को हरा-भरा बनाने में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड के हरा-भरा हो जाने से ही रीवा शहर हरीतिमायुक्त होगा। सड़कों के किनारे, खाली जगहों, पार्कों तथा अपने घर के आसपास लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें तथा उनके संरक्षण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जयंती कुंज में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने पार्षदों से कहा कि उनके वार्ड में स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ करायें तथा उसकी गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने आश्वस्त किया की वार्डों में आवश्यक कार्यों के लिए अतिरिक्त धन राशि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होंने वार्ड पार्षदों से कहा कि अतिआवश्यक कार्यों की सूची बनाकर दें ताकि उसके लिए पर्याप्त धन राशि की व्यवस्था हो सके। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड पार्षदों की समस्यायें भी सुनी। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कमिश्नर नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, वन मंडलाधिकारी अनुपम शर्मा एवं नगर निगम के वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।



### उप मुख्यमंत्री ने भैरवबाबा मंदिर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ स्थित भैरवबाबा मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया तथा त्वरित गति से कार्य को अंतिम रूप देते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने भैरवनाथ के दर्शन भी किये। इस अवसर पर इंजी. विवेक दुबे, राजेश पाण्डेय एवं कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



## फर्जी दस्तावेज के आधार पर बना लिया दान पत्र

**मऊगंज।** कूट रचित दस्तावेज के आधार पर किस तरीके से सरहगो द्वारा बिना दान पत्र और सहमति के ही निजी उपयोग हेतु रातों-रात सड़क बना ली गई मामला मऊगंज जिले के तहसील नईगढ़ी अहिरगवां का है शिकायतकर्ता धर्मेंद्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेंद्र जैन से शिकायत की है बताया गया कि भूमि नंबर 342 एवं 343 ग्राम अहिरगवां की है उक्त भूमि के स्वामी वीरेंद्र सिंह प्रमिला सिंह वशपति सोभनाथ साकेत सुखलाल शिवलाल शर्मिला सभी कब्जेदार हैं भूमि स्वामी के पुत्र धर्मेंद्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मांग की गई है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर दान पत्र तैयार कर मेरे निजी भूमि में रातों रात देवेंद्र बहादुर सिंह निवासी जिलहढी द्वारा सड़क बना ली गई है उक्त फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले नोटरी सहित आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है शिकायतकर्ता का आरोप है कि सिर्फ निजी उपयोग के लिए रातों-रात सड़क का निर्माण किया गया किंतु यह जांच का विषय है कि किस मद और किसके आदेश से बिना सहमति के आधार पर सड़क का निर्माण किया गया।

### नईगढ़ी में रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई को

**मऊगंज।** एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत नईगढ़ी में 15 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा 350 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करने तथा चयनित होने के पश्चात प्रशिक्षण का व्यय 10 हजार रूपये प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली पर स्वयं करना होगा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय का हुआ उद्घाटन

# विधायक गिरीश गौतम ने फीता काट कर किया उद्घाटन

मऊगंज।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बना जहां 55 जिलों में एक साथ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का उद्घाटन वर्चुअली देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर के एक भव्य समारोह से किया वही मऊगंज जिले में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में देवतालाब विधायक गिरीश गौतम के कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बताओ मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मऊगंज जिले के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है कि भारतीय शिक्षा नीति के तहत इस विद्यालय मे कई ऐसे विषय पढ़ाए जाएंगे जो हमारे संस्कृति वेदों दर्शन आदि को जानने का कार्य करेंगे । वर्तमान पीढ़ी अपनी संस्कृति दर्शन सनातन धर्म आध्यात्म आदि को भूलती जा रही है इन विषयों को भी अब महाविद्यालय में पढ़ाया जाएगा।वही रोजगार मुखी विषय भी इस विद्यालय में पढाये जायेगे,जिसका दूरगामी



असर पड़ेगा। वहीं छात्र-छात्राएं वैदिक दर्शन आध्यात्मिक और वेदों के विषय में विस्तार पूर्वक पढ़ सकेंगे आज हमारे वेदों में लिखे गए शब्दों पर रिसर्च अमेरिका जैसे देश कर रहे हैं रामायण काल में पुष्पक विमान का जिक्र होता था लेकिन हमारी पीढ़ी उस पर खोज करने को तैयार नहीं है महाभारत काल में महाभारत की सारी घटना संजय के द्वारा बताई जाती है उस पर हमारी पीढ़ी कोई शोध नहीं करती ।आयुर्वेद से हमारी आयुर्वेदिक पद्धति पर चिकित्सा हुआ करता था लेकिन उसे हम धीरे-धीरे भूलते गए। हमारे देश पर हमेशा आक्रमण हुआ इसी के कारण हमारी संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होती चली गई। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक बहुत ही ऐतिहासिक फैसला लिया और 2047 में भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना लेकर प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय संचालित करने का एक मिशन तय किया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष महेशचंद्र राल्ही ने की तथा छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया। विद्यालय के प्राचार्य आलोक राय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ,जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष बृजवासी पटेल सहित जन भागीदारी समिति के सदस्य भी मंच पर उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में आलोक राय ने आए हुए सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं पंडित रामधनी मिश्रा को भी याद किया और उनके योगदान की सराहना की, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यक्रम पर विस्तार से उन्होंने अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, संस्कृत विभाग ,राष्ट्रीय सेवा योजना का निरीक्षण किया गया। वहीं विद्यालय के पूर्व शिक्षक प्रमोद गुप्ता ने विद्यालय को एक लाठ ग्यारह हजार का सहयोग प्रदान करने की घोषणा की।

# अमर द्विवेदी के निर्देशन में हुआ नाटक "जैसा तुम कहो" का तीसरा मंचन

### जैसा तुम कह नाटक के संवाद ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

**रीवा।** शनिवार की शाम 13 जुलाई को श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में नाट्य संस्था अमरवाणी थिएटर के कलाकारों द्वारा "जैसा तुम कहो" नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक प्रसिद्ध नाटककार जयवर्धन द्वारा लिखित है, जिसका निर्देशन मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित युवा रंगकर्मी व अभिनेता अमर द्विवेदी ने किया। नाटक में कलाकारों की भूमिका में राजमणि तिवारी, सीमा रानी झा, कृष्णामिश्रा, योगेन्द्र द्विवेदी, खुशी मिश्रा, अखिल तिवारी और श्रेया सोनी शामिल थे। नाटक के अनुसार ज़िन्दगी के एक पड़ाव पर आते-आते हम अत्यधिक सहनशील हो जाते हैं। हमारा दिल व सोच बड़ी हो जाती है, स्वार्थ व अहंकार ख़त्म हो जाता है और दूसरों की भलाई व ख़ुशी में ही अपनी ख़ुशी देखने लगते हैं। नाटक के केन्द्र बिन्दु में पति-पत्नी का संबंध है, जो एक दूसरे की ख़ुशी का बहुत ध्यान रखते हैं। पति अपनी पत्नी की किसी भी बात के लिए मना नहीं कर पाता, बल्कि यही चाहता है कि उसकी पत्नी हमेशा ख़ुश रहे। हालांकि पति को इसका नकारात्मक परिणाम भी भोगना पड़ता है, क्योंकि रिश्तों में प्रायः ऐसा होता है कि हम दूसरे को ख़ुश करने के लिए अपनी ख़ुशी को अनदेखा कर देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप



प्रज्वलन कर की गई। प्रस्तुति के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ विद्या प्रकाश तिवारी, राष्ट्रीय सम्मान उस्ताद बिस्मिल्लाह खान से सम्मानित बीएनए के प्रोफेसर मनोज मिश्रा, एसजीएमएच के अध्यक्ष डॉ राहुल मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल, वरिष्ठ रंगकर्मी हनुमंत किशोर शर्मा, मेडिकल कॉलेज के छात्र और शहर के अन्य कला प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स जानवी तिवारी व तान्या शर्मा द्वारा कथक नृत्य और सिद्धार्थ रंजन अग्रवाल, श्रुति सिंह व रूही ठाकुर द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में अमरवाणी नाट्य समिति के कलाकार अखिल तिवारी, सृजन शुक्ला, आकाश वर्मा वह प्रकाश कुशवाहा द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी गई। किसी के साथ रिदम म्यूजिकल ग्रुप से डॉ विनोद तिवारी, अवनीश शर्मा, सतीश मिश्रा व पीयूष मिश्रा द्वारा भी गीत प्रस्तुत किए गए। यह प्रस्तुति अमरवाणी नाट्य समिति द्वारा पिछले दो महीने से संचालित रंगमंचीय कार्यशाला के दौरान तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र सेंगर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, डॉ मनोज इंदुरकर, एसजीएमएच से एक्स-रे विभाग, दिव्य स्नेह उत्सव गार्डन से अंकित तिवारी, यूनिक एडवरटाइजिंग व शब्द सांची के संचालक विभु सूरी, भिनसार फाउंडेशन और भरत तिवारी ने किया।